सं.3105/28/2016-बीसी.III

भारत सरकार

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

'ए' विंग, शास्त्री भवन, नई दिल्ली-110001

दिनांक: 20 जनवरी, 2023

सेवा में,

सभी प्राइवेट सैटेलाइट टीवी चैनल

विगत वर्षों में, सूचना और प्रसारण मंत्रालय को नागरिक समाज के सदस्यों से 25 जनवरी को गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर भारत की माननीया राष्ट्रपति के भाषण और 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह/परेड की कमेंट्री की सांकेतिक भाषा व्याख्या और अंग्रेजी/हिंदी क्लोज्ड कैप्शन के साथ प्रसारण कर श्रवण बाधितो तक पहुंच की सुविधा प्रदान करने के अनुरोध मिलते रहे हैं जिससे कि उन्हें इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दिवस के साथ सार्थक रूप से जुड़ने में सहायता मिल सके।

2. लोक प्रसारक, दूरदर्शन ने सूचित किया है कि डीडी भारती/डीडी न्यूज 25 जनवरी, 2023 को शाम 07:30 बजे से 08:00 बजे तक अपने चैनल पर माननीय राष्ट्रपति के राष्ट्र के नाम संदेश की सांकेतिक भाषा में व्याख्या उपलब्ध करेगा। इसके अलावा यह भी उल्लेखनीय है कि 26 जनवरी, 2023 को, डीडी न्यूज़ अपने चैनल पर कमेंट्री की सांकेतिक भाषा व्याख्या 09:00 बजे से 12:15 बजे तक (या समाप्ति तक) प्रसारित करेगा।

3. मीडिया राष्ट्रीय एकता, समाज के वंचित वर्गों की प्रगति आदि से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाने में हमेशा सबसे आगे रहा है।

4. इसलिए डीडी न्यूज/डीडी भारती की फीड निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। दिनांक 25.01.2023 को भारत की माननीय राष्ट्रपति के भाषण और 26.01.2023 को गणतंत्र दिवस परेड की कमेंट्री के साथ सीधा प्रसारण करने में रुचि रखने वाले सभी टीवी चैनल, दिव्यांगजनों के लाभ के लिए सांकेतिक भाषा व्याख्या और अंग्रेजी/हिंदी क्लोज्ड कैप्शन के साथ डीडी भारती /डीडी न्यूज के सिग्नल कैरी कर सकते हैं जिससे कि दिव्यांगजनों के लिए यह आयोजन सुलभ हो।

हस्ता-/-

(प्रतीक जैन)
उप निदेशक
दूरभाष: 2373316
ईमेल: prateekjain.89@gov.in

प्रतिलिपि:

1. अध्यक्ष, इंडियन ब्रॉडकास्टिंग एंड डिजिटल फाउंडेशन (आईबीडीएफ), नई दिल्ली
2. अध्यक्ष, न्यूज ब्रॉडकास्टर्स फेडरेशन (एनबीएफ), नई दिल्ली
3. समाचार प्रसारकों के अन्य संघ